# नीमच की बेटियों का राज्य स्तर पर परचम

▶ जाजू कन्या कॉलेज की छात्राओं के नेतृत्व में उज्जैन विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल में उपविजेता बना

**नीमच। नीमच की होनहार बालिकाओं ने एक बार फिर खेल जगत में जिले और संभाग का नाम रोशन किया है। श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच की छात्राओं की सशक्त सहभागिता और कप्तानी में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की महिला फुटबॉल टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव हासिल किया।**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा द्वारा 4 से 6 जनवरी 2026 तक किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जहाँ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की टीम ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उज्जैन विश्वविद्यालय का पहला मुकाबला सागर विश्वविद्यालय से हुआ। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के विरुद्ध खेले गए रोमांचक मैच में उज्जैन की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान रीवा विश्वविद्यालय के खिलाफ उज्जैन की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-1 से शानदार विजय हासिल की और फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मुकाबला शहडोल विश्वविद्यालय के साथ खेला गया, जिसकी टीम की सभी खिलाड़ी विचारपुर क्षेत्र से थीं, जिसे भारत का मिनी ब्राज़ील कहा जाता है। यह मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक रहा। उज्जैन की टीम ने अंत तक कड़ी टक्कर दी, लेकिन शहडोल विश्वविद्यालय ने 2-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रही और उज्जैन संभाग को गौरव दिलाया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि में नीमच के श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं टीम कप्तान निकिता धाकड़, हेमलता बनौधा, सजन गुर्जर, उमा बैरागी, लक्की परवानी एवं पूनम सैनी की भूमिका सराहनीय रही। वहीं स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच की प्रियल शेखावत ने भी टीम का प्रतिनिधित्व कर जिले का मान बढ़ाया।टीम के मैनेजर डॉ. जगदीश विजयवर्गीय, प्रो. संजीव थोरेचा तथा कोच डॉ. महेंद्र राव के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। उपविजेता टीम को रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। इस सफलता पर जाजू कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## देवरी खवासा स्कूल में 59 .73 लाख की विज्ञान प्रयोगशालाओं का भूमि पूजन

**मनासा।** विधानसभा क्षेत्र मनासा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी खवासा में भौतिकी, रसायन एवं जीवविज्ञान (फिजिक्स, केमेस्ट्री व बायोलॉजी) प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को संपन्न हुआ।यह कार्य 59.73 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक अनिरूद्ध माधव मारू, मंडल अध्यक्ष मुकेश डांगी, सरपंच प्रतिनिधि अंबाराम गुर्जर एवं टीना डाडिंग ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में विधायक माधव मारू, टीना परमेश्वर डाडिंग, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा, शैलेन्द्र राठौर, सरपंच खजुरी मंगीलाल, जीवन पाटीदार, दिनेश राठौर एवं अंबाराम गुर्जर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने विद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## एक नजर में

### वर्तमान समय में शीत लहर से फसलों में कोई नुकसान नहीं है फिर भी किसान सतत निगरानी रखें : डॉ पचौरी

**नीमच।** जैसा कि देखने में आ रहा है वर्तमान में जिले में शीत लहर चल रही है तथा सुबह के समय हल्का कोहरा भी रहता है लेकिन समय के साथ पर्याप्त मात्रा में खिली हुई धूप भी निकल रही है जो की रवी सीजन सर्दी वाली फसलों के लिए बहुत लाभकारी होती है ॠ ऐसी स्थिति में फसलों में अभी कोई भी नुकसान नहीं है और फसलों के लिए ऐसा मौसम बहुत ही अच्छा रहता है ॠ फसलों की बढ़वार व्यवस्थित है विशेष कर अफीम लहसुन, गेहूं, धनिया, मेथी, सरसों आदि फसलों के लिए ऐसा मौसम बहुत ही लाभकारी है ॠ फिर भी किसान भाई फसलों की सतत निगरानी रखें ॠ मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अभी आगामी चार-पांच दिनों में जिले में पाला पड़ने की संभावना नगण्य है । वर्तमान में न्यूनतम तापक्रम लगभग 7.8 डिग्री तथा अधिकतम तापक्रम लगभग 22 .2 डिग्री है ।आगामी दिनों में न्यूनतम तापक्रम लगभग 9 .4 डिग्री से 10 .1 डिग्री तथा अधिकतम तापक्रम लगभग 22 .8 डिग्री रहने की सम्भावना हैं। फिर भी यदि पाला पड़ने की संभावना हो तो ऐसी स्थिति में निम्न उपाय करें -जिसमे हल्की सिंचाई कर सकते हैं साथ ही शाम के समय धुआँ कर दें एवं अन्य उपाय अपनाएं। फसलों की निगरानी में यदि रस चषक कीटों का अटैक हो तो ऐसी स्थिति में कीटनाशी दवा इमिडाक्लोप्रिड 17 .8% एसएल 0 .4 मिलीलीटर अथवा थायोमेथोक्सम 25 डब्लूजी 0 .4 ग्राम अथवा डाइमेथोएट 30% इसी 1 .5 मिलीलीटर एवं फफूंद को नियंत्रित करने हेतु फफूंदनाशी दवा जैसे कार्बेंडाजिम + मैनकोज़ेब 2 .5 ग्राम प्रति लीटर पानी के मान से मिलाकर स्प्रे करें ॠ पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए उचित प्रबन्धन करें।

### मनासा क्षेत्र के बैंसदा में मिला मृत तेन्दुआ, नही मिले शिकार होने के कोई साक्ष्य



**नीमच।** 05 जनवरी 2026 को एक वन्यजीव तेन्दुआ की मृत्यु की घटना जिसका स्थल वन भूमि कक्ष क्रमांक 391. बीट बैसदा वनपरिक्षेत्र मनासा के अंतर्गत प्रकाश में आई। जिस पर एनटीसीए, नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों (1) डॉ. जीवन नाथ (2) डॉ. भूपेश पाटीदार के द्वारा किया गया है।वन्यजीव तेन्दुआ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह /भस्मीकरण की कार्यवाही वनमंडलाधिकारी नीमच, तहसीलदार मनासा, सरपंच ग्राम पंचायत पलासिया एवं वन स्टॉप व अन्य की उपस्थिति में की गई।उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 12 जनवरी को

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष जिला नीमच में राजस्व अधिकारियों की बैठक 12 जनवरी 2026 को प्रात: 10 .30 बजे से आयोजित की जा रही है। बैठक में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण, राजस्व वूसली 2025-26, नक्शा तरमीम, शासकीय सर्वे नम्बरों का बंटाकन तरमीर, नक्शे विहीन ग्रामों की जानकारी, नवीन नक्शा निर्माण की प्रगति, पीडीएफ नक्शो का सत्यापन, वेब जी आईएस पर नक्शा अपलोड की समीक्षा की जावेगी।बैठक में राजस्व अभियान( केम्प आयोजन) में प्राप्त आवेदनों का निराकरण, नवीन राजस्व ग्राम निर्माण, पीएम किसान योजना अंतर्गत सस्पेक्टेड बेनिफिशरी एवं सेल्फ रजिस्ट्रेशन, सीएम किसान योजना, मुख्यमंत्री नगरीय भू अधिकार योजना की स्थिति, साइबर तहसील, राहत राशि वितरण, रास्ता विवाद से संबंधित प्रकरण, शिकायतों की समीक्षा की जावेगी।

### सेवा सप्ताह तहत निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नीमच।** रेडक्रास सोसायटी नीमच द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर 06 से 12 जनवरी 2026 तक युवा दिवस के रूप में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।भारतीय रेडक्रास सोसायटी नीमच द्वारा 06 जनवरी 2026 को शासकीय सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के विभिन्न प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसी कड़ी में 07 जनवरी 2026 को भारतीय रेडकास सोसायटी नीमच द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानन्द स्नात्कोतर महाविद्यालय नीमच में विद्यार्थीयों के मध्य स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर रेडकास सचिव डॉ. स्वप्निल वधवा ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रेडक्रास सचिव डॉ. स्वप्निल वधवा, रेडक्रास समन्वयक श्री सुनिल तिवारी, नशामुक्ति केन्द्र के मनोवेज्ञानिक श्री जीवन तिवारी, प्रो. हिना हरित, डॉ. मीना चौधरी, प्रों संजय जोशी, प्रो. पंवार आदि प्रध्यापकगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में 86 हजार रूपये से अधिक की शास्ति आरोपित

**नीमच।** कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के तीन प्रकरणों में कुल 86 हजार 250 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध खनिज परिहवनकर्ता संजय पिता मांगीलाल कुम्हार निवासी बांगरेडा मामादेव तहसील निम्बाहेडा द्वारा रैत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28750 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 28750 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन ट्रेक्टर ट्राली सोनालीका डीआई 745 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

## स्व . कशमीरी लाल अरोरा स्मृति में खेलों का महाकुंभ आज से

▶ 10 बजे भव्य शुभारंभ, 11 बजे से भिड़ंत, 5 वर्ष के मासूम बच्चे से लेकर 85 वर्ष तक के बुजुर्ग दिखाएंगे अपने जौहर



**नीमच।** स्व. श्री कश्मीरीलाल अरोरा की स्मृति में खेले जा रहे खेलों के महाकुंभ के अंतर्गत शतरंज के इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 5 वर्ष के मासूम बालक से लेकर 85 वर्ष तक के बुजुर्ग भी हिस्सा ले रहे हैं और इस प्रतियोगिता को ऐतिहासिक ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। जहां नीमच के 5 वर्षीय मासूम साहेब सिंह गोत्रा इस टूर्नामेंट में दावेदारी कर रहे हैं वहीं झांसी उत्तर प्रदेश के 85 वर्षीय बुजुर्ग आरके गुप्ता इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयरत्न गर्ग व ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सोनी ने बताया कि आज गुरुवार को सुबह 10:00 बजे प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया जाएगा। श्री गर्ग व श्री सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में 300 प्रतिभावान व श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ( फीडे) के निर्देशन में होने वाले इस टूर्नामेंट के प्रति खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। नीमच के इतिहास में यह पहला ऐसा आयोजन होगा जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। नीमच की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो रहा है। गौरतलब है फीडे की रेटिंग प्राप्त करना हर शतरंज खिलाड़ी का एक सपना है।

समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने बताया कि इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के सभी प्रयास किया जा रहे हैं। खिलाड़ियों को अच्छी से अच्छी सुविधा मिले अच्छे से अच्छे वातावरण में वे अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें ऐसी सारी व्यवस्थाएं जुटा गई है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल नीमच की रोगी कल्याण समिति की बैठक में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी स्वास्थ्य पराग जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, डॉ.बी.एल.मालवीय, डॉ.मनीष यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय नीमच के केंटीन संचालन के लिए नवीन निविदा 12 जनवरी तक जारी करने तथा रो.क.समिति की प्रथम तल की चार दुकानों की 12 जनवरी तक नवीन निविदा जारी करने के निर्देश भी सिविल सर्जन को दिए। अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग स्थल के लिए अन्य वैकल्पिक स्थान को चिंहित कर पार्किंग स्थल, वाहन स्टेण्ड बनाने के लिए निर्देश भी दिए गए।

बैठक में बताया गया, कि मेटरनिटी वार्ड एवं एन.आर.सी.वार्ड मरम्मत तथा बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढाने के लिए लो.नि.विभाग को 7.30 लाख की राशि जारी की गई है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। डीएफएम मद से जिला अस्पताल में उपकरणों के लिए स्वीकृत 86 लाख की राशि से उपकरण क्रय करने हेतु उपकरणों की सूची सम्बंधित चिकित्सकों से अनुमोदित करवाकर विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए। बैठक में अनुपयोगी सामग्री की नीलामी की निविदा जारी करने, दो नग कम्प्यूटर क्रय करने, रोगी कल्याण समिति से आयुष्मान शाखा में मानव संसाधन की व्यवस्था करने एवं ओपीडी संचालन के लिए रो.क.स.से भुगतान करने के निर्देश भी दिए गये।

## 68 वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**मनासा। कड़ाके की ठंड के बीच नगर की चमत्कारी नारसिंग माता मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों सनातनियों की महती उपस्थिति के बीच सनातन सत्संग मंडल का 68 वा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ लाभार्थी स्व.मांगीलाल जी सोनी परिवार आंतरी माताजी वाले परिवार द्वारा रखा गया।**





सत्संग की शुरूआत मे पंडित दिनेश बैरागी द्वारा सोनी परिवार आंतरी वाला द्वारा मां नार सिंगी माता व हनुमान जी की तस्वीर पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर शुरू किया गया । सत्संग की शुरूआत मातारानी के भजन से हुई कमल विजयवर्गीय ने भादवा माता जी को याद करते हुवे खम्मा खम्मा जननी भादवा की माता का भजन गा कर माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, अशोक जी ने चलो बुलावा आया हे माता ने बुलाया हे ऊंचे पर्वत पर दरबार सजाया हे... गा कर माता के चरणों में अरदास की, राकेश शर्मा ने सोना का झांझर बाजना मय्या का सुंदर भजन गया। विजय उपाध्याय ने महादेव की हे दोनों संतान एक बलि भैरव तो दूजे हनुमान ...भजन से माहौल को हनुमान जी भक्तिरस से भर दिया। राजकुमार मारू ने म्हारो बेड़ों पार लगाई दी जो मां अंजनी का लाल .... ।

ओम सोनी ने जय जय हो तुम्हारी बजरंग बली तुम्हारा शिव रूप में आना गजब हो गया तेरा लंका जलाना गजब हो ... सहित सत्यनारायण सोनी,आदि ने सुंदर भजनों से समा बांधा ।राजकुमार मारू के साथ उपस्थित समुदाय ने हनुमान चालीसा पाठ का सुस्वर गान किया ।अब सौंप दिया इस जीवन का डीबी भार तुम्हारे हाथों..के साथ सत्संग समाप्त हुआ ।मनासा नगर में गत रविवार को 165 गावो से आई श्री राम प्रभात फेरी की ऐतिहासिक सफलता पर सनातन सत्संग मंडल ने समस्त नगर वासियों का आभार भी माना। अगला हनुमान चालीसा पाठ सत्यनारायण मंदिर पर रखा गया हे।



## जिले में खुले ट्रांसफार्मरों के बाक्स और लटकते विद्युत तारों को ठीक कर जनसुरक्षा सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नीमच।** जिले में नगरीय क्षेत्रों और विभिन्न स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मरों के खुले हुए बाक्स और नीचे लटकते विद्युत तारों की ठीक कर, जनसुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। म.प्र.प.क्षे.विद्युत ट्रांसफामरो के खुले हुए बक्सो को चिहिंत कर उन्हें दुरस्त करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में म.प्र.प.क्षे.वि.वितरण कंपनी नीमच के अधीक्षण यंत्री को दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में मनासा, कुकडेश्वर क्षेत्र के पान उत्पादन किसानों को नेटशेड उपलब्ध करवाने और अगले वर्ष के लिए नेटशेड के लक्ष्य प्रदान करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिए। उन्होने भाटखेड़ा से डूंगलावदा तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर शहर के प्रमुख चौराहो पर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए रोटरी निर्माण करने के स्थान चिंहित कर रोटरी का निर्माण करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।



## सांवरिया सेठ जाने वाले यात्रियों का मजदूर संघ ने किया सम्मान

**नीमच।** निरंतर 20 वर्षों से मध्य प्रदेश के खरगोन जिला से राजस्थान मेंवाड़ तीर्थ मंडफिया सांवरा सेठ जी के दर्शन लाभ लेने के लिए 1100 यात्री श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल पर सवार होकर देश की सुख शांति और अमन चैन के लिए हर वर्ष जनवरी माह में रवाना होकर भगवान श्री सांवरिया सेठ जी के दरबार 7जनवरी को पहुंच कामना के साथ पहुंचे।

अखिल भारतीय वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार के नेतृत्व में सांवरा जी यात्रा जाने वाले सभी यात्रियों को भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारीयों एवं समाजसेवियों ने सनातन धर्म का प्रतीक केसरिया दुपट्टा गले में डाल सम्मान किया साथ ही बताया कि यह यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा के रूप में भी जानी जाती है जो की इन सभी यात्री श्रद्धालुओं के द्वारा खरगोन जिला से प्रारंभ होकर सांवरिया सेठ जी मंदिर पर संपन्न होती है इस यात्रा में ट्रस्ट के माध्यम से यात्रियों को भोजन चिकित्सा सुविधा विश्राम जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती है और यह यात्रा इन सभी यात्रियों द्वारा देश में शांति सद्भावना कायम करने एवं सनातन धर्म के लोगों को एकजुट करने की मनसा से पूर्ण की जाती है जिसके लिए हम सभी भारतीय मजदूर संघ एवं सनातन धर्म परिवार के सभी साथी इनके पराक्रम की सराहना करते हुए इन्हें साधुवाद दिया ।

## एक नजर

### पत्रकारिता में ए .आई .का बेहतर उपयोग विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

## एआई की मदद से छात्र हो रहे हैं आत्मनिर्भर : सखलेचा

**नीमच।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए.आई.) की मदद से स्कूली छात्र आत्मनिर्भर बन रहे है। जावद क्षेत्र के 27 स्कूलों में ए.आई.की कक्षाए संचालित हो रही है। इन कक्षाओं में 1400 विद्यार्थी ए.आई.की शिक्षा हासिल कर रहे है। ए.आई.से सीखने, समझने का तरीका बदल गया है। यह पाठ्यक्रम 6 माह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी घर बैठे दो से तीन घंटे ए.आई.का उपयोग कर प्रतिमाह 10 से 15 हजार रूपये की कमाई कर सकेंगे। आत्मनिर्भर बन पाएंगे। यह बात जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने बुधवार को सांदीपनी विद्यालय जावद में महाराष्ट्र नालेज कारर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से पत्रकारिता में ए.आई. का बेहतर उपयोग करने के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कही।



इस मौके पर महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, के श्री मयूर हवलदार, मल्टीपल सिटी कंपनी के सीईओ श्री नितिकेश भटकर एवं जिले के पत्रकारगण उपस्थित थे।

कार्यशाला में मयूर हवलदार ने पीपीटी के माध्यम से ए.आई. के उपयोग पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया। इसमें जेमीनी, चेट जीपीटी, फेक्ट चेक, सुन डॉट एआई, भाषणी एप्प, गूगल, एम.एस.आफिस, ईमेल, आउट लुक ईमेल के उपयोग के बारे में समझाया। उन्होने संपादकीय, खेल, विज्ञान, डिजिटल, फोटो और कार्टून पत्रकारिता जैस विषयों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में वर्चुअल और इन-पर्सन लर्निंग सेशन की सीरीज़, न्यूज़रूम में ए.आई.टूल्स को शामिल करने के खास तरीकों, ऑडियंस एंगेजमेंट, हेडलाइन जेनरेशन, इलेक्शन रिपोर्टिंग, डेटा जर्नलिज़्म और ग्रोथ स्ट्रैटेजी के लिए एप्लीकेशन के बेहतर उपयोग के बारे में भी बताया गया।

कार्यशाला में बताया गया, कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कंप्यूटर और मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने, समझने, निर्णय लेने और समस्याओं को हल करने की क्षमता देने वाली तकनीक है। यह डेटा का विश्लेषण करके पैटर्न पहचानता है और इंसानों की तरह काम करता है, जैसे Siri/Ale&a, फेस अनलॉक और सेल्फ-ड्राइविंग कारें इसके उदाहरण हैं, जो पैटर्न पहचानने, भाषा समझने और खुद काम करने में सक्षम होती हैं, जैसे कि जेनरेटिव AI (ChatGPT) टेक्स्ट और इमेज बनाता है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया, कि आज के ज़माने में, जहाँ जानकारी तेज़ी से फैलती है और गलत जानकारी भी फैलती है, ए.आई. एडवांस, फैक्ट-चेकिंग पत्रकारिता के कंटेंट की विश्वसनीयता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए एक ज़रूरी टूल है।